Email id -
seeudc1gzb@gmail.com
CUG Mob.-9193320111
CIN:U31200UP2003SGC027458

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
ए–ब्लॉक, हाईडिल कॉलोनी, कविनगर,
गाजियाबाद।

पत्रांक 660 / वि0न0वि0म0–प्रथम / गा0बाद दिनांक 26.05.23

विषयः–विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु आदेश।

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक
विराट वैभव, नई दिल्ली।

विज्ञापन व्यवस्थापक
पंजाब केसरी, नई दिल्ली।

महोदय,

आपके प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र के एक अंक में आपके यह उपलब्ध छोटे से छोटे टाइप और कम से कम स्थान में दो कॉलम साइज में दिनाँक **27.05.2023** तक को प्रकाशनार्थ संलग्न विज्ञापन प्रेषित किया जा रहा है। हैडिंग व नीचे के नाम व पते में भी बडा टाइप न लगायें तथा नाम व पता एक ही लाइन में छापें। विज्ञापन में शीर्ष पर पश्चिमॉचल विद्युत वितरण निगम लि0 का मोनोग्राम एंव सबसे नीचे इस आदेश की संख्या व दिनॉक भी छोटे से छोटे टाईप में अवश्य प्रकाशित करें। इस निर्देशों के विपरीत छपे विज्ञापनों के बीजकों में आवश्यक कटौती करने के लिए पश्चिमॉचल विद्युत वितरण निगम लि0 बाध्य होगा।

1. स्थानीय प्रकृति की सूचना जैसे–बिजली बंद रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगने की सूचना, बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथा सम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा ई–निविदा सूचनाओं का प्रकाशन ई–निविदा हेतू निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्ययवस्था सुनिश्चित करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतू प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क की बीजक तीन प्रतियों मे अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुए भुगतान हेतू प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, विक्टोरिया पार्क, मेरठ को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन भुगतान सम्भव न होगा।
3. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी विज्ञापन का प्रकाशन हिन्दी भाषा में किया जाये। अंग्रेजी भाषा सामग्री का प्रकाशन हिन्दी भाषा में अनुवाद के पश्चात ही करें जिसके लिए समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नही होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्वतः एक सप्ताह के अन्दर विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बधित बीजक का सत्यापन भुगतान नही किया जायेगा।
5. टेन्डर/सूचना इत्यादि यदि आपको सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय भारत सरकार द्वारा विज्ञापन देय स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन प्रकाशित न करें। अधोहस्ताक्षरकर्ता को अविलम्व इस आशय से सूचना देने का कष्ट करें।

विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाईप में "राष्ट्र हित में बिजली बचायें " का नारा तथा विद्युत चोरी का हेल्प लाइन नम्बर अवश्य दें।

संलग्नकः–विज्ञापन सामग्री

भवदीय

(महफूज़ आलम)
अधीक्षण अभियन्ता
Superintending Engineer
Electricity Urban Distribution Circle-I
Ghaziabad

पत्रांक : 660 / वि0न0वि0मण्डल–प्रथम / गा0बाद दिनांकः– 26.05.23

प्रतिलिपि निम्न को विज्ञापन सामग्री सहित सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रबन्ध निदेशक, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त निविदा को निगम की वेबसाईट पर डलवाने की कृपा करें।
2. मुख्य अभियन्ता(वि0),गाजियाबाद क्षेत्र, गाजियाबाद।
3. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ। (ई–मेलः–propvvnlmrt@gmail.com)
4. सम्बन्धित निविदा पत्रावली।

(महफूज़ आलम)
अधीक्षण अभियन्ता
Superintending Engineer
Electricity Urban Distribution Circle-I
Ghaziabad

# पश्चिमॉचल विद्युत वितरण निगम लि0

## *ई–निविदा सूचना*

ई–निविदा संख्याः– **15/2023-24/EUDC-1GZB**
निविदा प्रपत्र षुल्कः–रु0–1180.00 (जी0एस0टी0 सहित), धरोहर राशि :–रू0–3570.00
कार्य का विवरणः– विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–नवम, गाजियाबाद के कार्यक्षेत्र में उपखण्ड कार्यालय–द्वितीय, लाल कुँआ गा0बाद के क्षेत्राधीन 33/11 के0वी0 सबस्टेशन के फीडर खैरातीनगर, हिण्डन व बहरामपुर के वितरण परिवर्तकों 250 केवी 400 केवीए पर जर्जर एवं क्षतिग्रस्त प्लिथ, फैसिंग, एल0टी0 लीड की मरम्मत इत्यादि सम्बन्धित समस्त कार्य।

उपरोक्त ई–निविदा को https://etender.up.nic.in पर दिनांक 12.06.2023 को दोपहर 12:00 बजे तक भरा जा सकता है तथा 12.06.2023 को सायं 17:00 बजे एवं उसके पश्चात खोला जायेगा। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भाग को निरस्त करने का अधिकार होगा। धरोहर राशि, निविदा षुल्क, कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्तें अथवा निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना केवल निगम की वेबसाईट www.pvvnl.org तथा https://etender.up.nic.in पर डाली जायेगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाईट को नियमित देखें।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम,गाजियाबाद

Superintending Engineer
Electricity Urban Distribution Circle-I
Ghaziabad

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''